## एक नजर

### गाय खरीदने से मना करने पर की मारपीट

**बिनावर ।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मई रजऊ निवासी मनवीर पुत्र हरनाम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ मई को वह गांव रंझोरा निवासी गोवर्धन पुत्र भाय सिंह क साथ बिनावर में गाय खरीदने के लिए आए थे। गाय पसंद न आने पर उन्होंने गाय खरीदने से मना कर दिया। आरोप है कि गाय पालक ने मनवीर से गाली-गलौज और मारपीट की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित ने गाय पालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कादरचौक ।** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव चौडेला निवासी सोनपाल शर्मा शनिवार रात लगभग 10 बजे बाइक से बदायूं से वापस अपने घर जा रहे थे। कादरचौक की ओर से तेज रफ्तार से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सोनपाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल सोनपाल को इलाज के लिए कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा और उनके गांव के प्रधान को सूचित किया। परिजन सीएचसी पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।

### गंगा एक्सप्रेस की जद में आया देव स्थान होगा शिफ्ट

**दातागंज ।** मेरठ से प्रयागराज जाने को बन रहे गंगा एक्सप्रेस की जद में गांव पापड़ स्थित ब्रहम देव स्थान का बड़ा भाग आ गया है। इस भाग को अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। रविवार को चिन्हित स्थान का विधायक राजीव कुमार सिंह व एसडीएम दातागंज ने निरीक्षण किया। अब प्रशासन एवं गंगा एक्सप्रेस के अधिकारियों ने मंदिर के बगल में खाली पड़े स्थान पर इस देव स्थान को शिफ्ट करने की योजना बन गई है। दो- चार दिन में इसे यहां से शिफ्ट कराने का काम शुरु हो जायेगा।।

### पड़ोसी ने वर्षों पुराना पेड़ काट डाला, शिकायत

**बदायूं ।** शहर के मोहल्ला सम्राट अशोक नगर निवासी नरेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस और डीएफओ को तहरीर देकर बताया कि उनका पैतृक गांव कोतवाली दातागंज क्षेत्र का कमां है। पुश्तैनी मकान में 60 से 70 साल पुराना नीम का पेड़ था। पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने बिना उन्हें सूचना दिए पेड़ काट दिया। नरेंद्र कुमार सिंह के बेटे पंकज ने उन्हें फोन करके पेड़ काटने की सूचना दी। पेड़ काटने वाले व्यक्ति से पूछताछ की तो वह गाली-गलौज करने लगा। मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# विदेशों में बजता था डंका, अब लुप्त होने की कगार पर पहुंचा मेंथा

प्रदीप सक्सेना, बदायूं


गांव विजय नगला स्थित खेत में खड़ी मेंथा की फसल। ● अमृत विचार


गांव विजय नगला स्थित बंद पड़ा मेंथा का प्लांट।

- तीन साल के अंदर 28 हजार से सिकुड़कर मात्र पांच हजार हेक्टेयर पहुंचा रकबा
- नुकसान होने की वजह से मेंथा फसल से किसानों ने बनाई दूरी
- ऑफ सीजन मक्का ने लिया मेंथा फसल का स्थान, 45 हजार हेक्टेयर पर पहुंचा मक्का का रकबा

**अमृत विचारः** जिस मैंथा की खेती की वजह से जिले का नाम विदेशों तक मशहूर था, अब उसी फसल से किसानों ने दूरी बना ली है। चालीस सालों तक मुनाफे की खेती कही जाने वाली मैंथा की फसल अब लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। तीन साल में तेजी से हुई गिरावट के कारण रकबा 28 हजार हेक्टेयर से सिकुड़कर मात्र पांच हजार हेक्टेयर पर आ गया है। मेंथा का स्थान पर अब जायद में होने वाली मक्का ने लिया है। कम लागत और मुनाफे की फसल होने की वजह से पांच से छह सौ हेक्टेयर में होने वाली मक्का का रकबा 45 हजार हेक्टेयर पर जा पहुंचा है। बड़ी संख्या में किसान मक्का की खेती कर रहे हैं।

दो दशक पूर्व जब जिले में मेंथा की खेती की शुरुआत की थी, उस समय मेंथा के तेल की कीमत 18-19 सौ रुपये प्रति लीटर थी। मुनाफे की खेती होने के कारण जिले के हजारों किसासन मेंथा की खेती करते थे। किसानों को तेल की बिक्री करने के लिए भी जिले से बाहर नहीं जाना पड़ता था। जिले के ही व्यापारी किसानों से तेल की खरीद करते थे। तेल की खरीद करने में जिले के दो व्यापारी काफी मशहूर थे।

इनमें विष्णु कुमार और भाजपा नेता हरप्रसाद पटेल मैंथा तेल को किसानों से खरीद कर विदेशों में सप्लाई करते थे। अब पिछले कई वर्षों से तेल की कीमतों में लगातार गिरावट होने से किसानों की कमर टूट गई है। किसानों के लिए मेंथा की खेती घाटे का सौदा साबित हो रही है। जिसके कारण किसानों का मोहभंग हो गया है। बेमौसम बारिश और मौसम के उतार चढ़ाव की वजह से किसानों ने मैंथा की खेती से दूरी बना ली है।

कम लागत और मौसम की चिंता किए बिना अब किसान मक्का की खेती कर रहे हैं। तीन साल पूर्व जायद में मात्र पांच से छह सौ हेक्टेयर में होने वाली मक्का का रकबा 45 हजार हेक्टेयर तक जा पहुंचा है। जो कि सीजन के दौरान 80 हजार हेक्टेयर तक पहुंच जाता है।

> जिले में पहले करीब 27 से 28 हेक्टेयर मैंथा की खेती होती थी। मैंथा की खेती के लिए जिले का नाम काफी मशहूर था। यहां के व्यापारी विदेशों में मैंथा तेल की सप्लाई करते थे। पर दो-तीन सालों से इसमें गिरावट आई है। मैंथा की फसल की कीमतों में भी कई सालों से कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैंथा का रेट 900 से 1000 रुपए के बीच स्थिर है। जिसकी वजह से किसानों का मोहभंग हो गया है। अब मात्र 4 से 5 हेक्टेयर में ही मैंथा किसान कर रहे हैं। -**सुनील कुमार**, जिला उद्यान अधिकारी

> अब से तीन साल पहले तक जिले में जायद के दौरान मेंथा की फसल करते थे। अब जिले में बदलाव देखने को मिल रहा है। किसान अब मेंथा की जगह मक्का की खेती कर रहे हैं। मेंथा में अधिक लागत किसानों को लगानी पड़ी थी। लेकिन मक्का में अधिक लागत नहीं लगती है। मात्र दो से तीन सिंचाई करनी पड़ती है। पैदावार भी काफी अच्छी रहती है। एक बीघा में सात से आठ कुंतल पैदावार होती है। जिसका बाजार मूल्य भी 27 से 28 सौ रुपये कुंतल है। इस समय जिले में करीब 45 हजार हेक्टेयर भूमि पर मक्का खड़ी हुई है। -**डीके सिंह**, जिला कृषि अधिकारी

### मेहनत ज्यादा मुनाफा कम, बंद होते गए गांव के प्लांट

ब्लॉक जगत के गांव दौरी निवासी किसान राम सिंह ने बताया कि पहले वह करीब दो से ढाई एकड़ में मेंथा की खेती करते थे। इस खेती में काफी ज्यादा मेहनत लगती थी और रेट भी सही नहीं मिल पा रहा था। साथ ही फसल में रोग भी काफी ज्यादा लगते थे। रोग को दूर करने के लिए कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव ज्यादा करना पड़ता था। करीब सात-आठ बार सिंचाई करनी पड़ती थी। ऊपर से बेमौसम बारिश की वजह से काफी नुकसान झेलना पड़ा। इसलिए मेंथा की खेती छोड़कर मक्का की खेती कर रहे हैं। इसमें लागत भी कम है और मुनाफा भी अच्छा मिलता है।

# लक्ष्य से अधिक बेच डाली खाद, अब की जाएगी जांच

## अधिक खाद बेचने का शासन तक पहुंचा मामला, कृषि विभाग में मचा हड़कंप, चौथे नंबर पर प्रदेश में रहा जिला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शहर के लावेला चौक पर दुकान में भरी खाद ● अमृत विचार

- सहकारी समितियों की जगह निजी में बेची गई है सबसे अधिक खाद

**अमृत विचारः** खरीफ फसल की तैयारी से अभी शुरू भी नहीं हुई उससे पूर्व ही जिले में खाद की बिक्री लक्ष्य से अधिक हो गई। सबसे अधिक खाद बेचने में जिला चौथे स्थान पर रहा है। शासन स्तर पर मामला पहुंचने पर संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक ने कृषि विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा है। अब विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मचा है। जवाब मांगे जाने पर विभागीय अधिकारी ऐसे दुकानदारों की सूची तैयार रहे हैं। जिनके द्वारा सबसे अधिक खाद बेची गई है।

प्रदेश के किन जिलों में किस महीने कितनी यूरिया ब्रिकी की जा रही है। उसकी मॉनिटरिंग आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से शासन द्वारा की जाती है। एक अप्रैल से पांच मई तक बेची गई यूरिया की जांच करने पर पाया गया कि प्रदेश के दस जिलों में सबसे अधिक खाद की बिक्री की गई। जिन जिलों में सबसे अधिक खाद की बिक्री हुई है उनमें पहले स्थान पर मुजफ्फरनगर, दूसरे पर बिजनौर तीसरे पर मेरठ और चौथे स्थान पर बदायूं है। जिसमें एक अप्रैल से पांच मई तक पिछले साल 2023 के दौरान 14,930 मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई थी।

इस बार एक अप्रैल से पांच मई तक 17,929 मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई, जो कि पिछले साल से 2,999 मीट्रिक टन अधिक है। जिस पर संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक ने कृषि विभाग के अधिकारियों का जवाब तलब कर लिया। जिन दुकानों से यूरिया बेची गई है।

उनकी भी जांच की जाएगी। शासन स्तर से जवाब तलब होने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारी ऐसे दुकानदारों की सूची तैयार कर रहे हैं। जिन्होंने सबसे अधिक यूरिया की बिक्री कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि जायद में मक्का, मूंगफली तथा अन्य फसलों की पैदावार अधिक बढ़ने से यूरिया की खपत बढ़ी है। जिसकी वजह से पिछले साल की तुलना में यूरिया की अधिक बिक्री हुई है।

> खाद बिक्री के लिए रबी और खरीफ में ही लक्ष्य तय किए जाते हैं। जायद का लक्ष्य खरीफ में ही समाहित रहता है। यह बात सही कि जिले में एक अप्रैल से पांच मई तक सबसे अधिक खाद बिकी है। प्रदेश में चौथा स्थान है। उसका कारण भी स्पष्ट है। पहले की तुलना में जायद में फसलों का रकवा बढ़ा है। मक्का, मूंगफली तथा अन्य फसलें किसानों द्वारा करीब एक लाख हेक्टेयर में की गई हैं। इसलिए खाद की बिक्री हुई है। जिन दुकानों से अधिक खाद बेची गई है। उनकी सूची तैयार की जा रही है। जिससे कार्रवाई की जा सके। -**डीके सिंह**, जिला कृषि अधिकारी

### खरीफ में 12,3749 मीट्रिक टन है रासायनिक उर्वरक बिक्री का लक्ष्य

कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ और जायद को मिला कर रासायनिक उर्वरक बिक्री का लक्ष्य 12,3749 मीट्रिक टन रखा गया है। जिसके सापेक्ष 62,096 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता है, लेकिन अब तक यूरिया 48 प्रतिशत डीएपी 37 प्रतिशत, एनपीके 152 प्रतिशत, एमओपी 65 प्रतिशत और एसएसपी 142 की बिक्री हो चुकी है।

### समितियों के स्थान पर निजी क्षेत्र में हुई खाद की बिक्री

रबी सीजन में सहकारी समितियों पर 57,722 एमटी रासायनिक उर्वरकों की बिक्री का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन बिक्री 56,134 एमटी हुई। जो कि लक्ष्य से 1,588 एमटी कम बिक्री की गई। वहीं निजी क्षेत्र में 92,892 एमटी रासायनिक उर्वरक बिक्री का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन निजी क्षेत्र की दुकानों पर विभाग द्वारा 1,74,850 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराया गया। ऐसे में जहां एक ओर सहकारी समितियों को जीवित करने का प्रयास शासन स्तर पर हो रहा है। लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों की वजह से इनकी हालत दिन पर दिन खराब होती जा रही है।

### रबी सीजन में बेचे गए 144 प्रतिशत रासायनिक उर्वरक

कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि रबी सीजन में 1,61,793 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक बिक्री का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष जिले में 2,34,535 मीट्रिक टन की उपलब्धता रही। रासायनिक उर्वरकों की बिक्री 144.93 प्रतिशत कर दी गई, जो कि अपने आप में चौंकाने वाली खबर है। जब शासन प्रशासन रासायनिक उर्वरक के स्थान पर नैनो यूरिया को बढ़ावा दिए जाने का प्रयास कर रहा है।

# रोजगार मेला में जुटे प्रदेश भर के युवा, 255 का चयन



रोजगार मेला में मौजूद युवा और औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुजरात की कंपनी एसआरएफ ने किया प्लेसमेंट का आयोजन

**अमृत विचारः** राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में रविवार को रोजगार मेला लगा। जिसमें प्रदेश भर के युवा पहुंचे। गुजरात की कंपनी एसआरएफ लिमिटेड द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंप में 547 युवाओं में से लिखित परीक्षा के बाद 255 का चयन किया गया। जिसका परिणाम घोषित होने के बाद कंपनी द्वारा उत्तीर्ण युवाओं को कंपनी रोजगार उपलब्ध कराएगी।

राजकीय पॉलिटेक्निक के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रविवार को गुजरात की एसआरएफ कंपनी के द्वारा प्लेसमेंट कैंप लगाया था। कैंप में प्रदेश के सभी जिलों से आईटीआई, जीटीआई, बीटेक तथा ग्रेजुएट पोस्ट ग्रेजुएट तथा हाई स्कूल इंटरमीडिएट उत्तीर्ण 547 युवा जुटे। उनके बीच कंपनी के द्वारा लिखित परीक्षा कराई गई। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 255 युवाओं का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया। इंटरव्यू में चयनित युवाओं को जल्द ही कंपनी द्वारा बुलाया जाएगा। जिसमें पास होने वाले युवाओं को कंपनी जॉब देगी। प्लेसमेंट कैंप में राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य एसके आजाद, ऋतुराज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अच्छा परिणाम देने वाले छात्र बनेंगे रोल मॉडल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अच्छा प्रणाम देने वाले स्कूलों की भी तैयार की जा रही सूची

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है। इनमें कई स्कूलों का परिणाम काफी बेहतर रहा। बेहतर परिणाम वाले कॉलेजों को का चयन किया जाएगा और अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को रोल मॉडल बनाकर संवाद स्थापित कराया जाएगा, जिससे वर्ष 2025 में होनी वाली परीक्षा का परिणाम और बेहतर रह सके।

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) ने परीक्षाफल में सुधार के लिए कार्य योजना बनाने के डीआईओएस को आदेश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिले के उन विद्यालयों की सूची तैयार करने के लिए कर्मचारियों को लगाया है, जहां बच्चों की संख्या पर्याप्त होने के साथ ही परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसमें छह विद्यालयों को चिन्हित किया जाना है। ऐसे विद्यालयों की भी सूची तैयार कराई जा रही है। जिनका परीक्षा परिणाम 75 फीसदी से कम रहा है। डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि निर्देश प्राप्त होने के बाद ऐसे स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है जिनका परिणाम काफी बेहतर रहा है। बताया कि सर्वश्रेष्ठ परीक्षा फल लाने वालों की सूची में शामिल सभी विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं कम परीक्षाफल लाने वाले राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों से संवाद कराया जाएगा। जिससे आगामी वर्ष के परीक्षाफल को बेहतर बनाया जा सके।

# पति से विवाद के बाद सास को पीटा घर में की तोड़फोड़

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड चार निवासी मुन्नी पत्नी अबरार ने बताया कि वह, उनका बेटा नफीस व पुत्रवधु चांदनी एक ही मकान में रहते हैं। चार दिन पहले नफीस और चांदनी शादी समारोह में गए हुए थे। वहां दोनों में कहासुनी हो गई। अगले दिन नफीस मजदूरी करने चला गया।

पुत्रवधू मायके चली गई थी। रविवार सुबह वह घर पर अकेली थीं। इसी दौरान उनकी पुत्रवधू अपने पिता भूरे, चाची फिरोज बानो, चाचा नौशे के साथ घर पर आ गईं। पुत्रवधू चांदनी ने बाल पकड़कर उन्हें मारापीटा और घरेलू सामान तोड़ दिया। घर से कपड़े व अन्य सामान ले गए। चांदनी ने उनके बेटे को झूठे मुकदमें में फंसान की धमकी दी है। महिला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# क्रय केंद्रों पर पड़े ताले, कहां से होगी लक्ष्य की पूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 72 दिनों में मात्र 14 प्रतिशत ही हो सकी गेहूं की खरीद
- क्रय केंद्र बंद होने से आढ़तियों के यहां किसान फसल की कर रहा बिक्री


नगला बाहर में बंद पड़ा गेहूं क्रय केंद्र ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद में सरकारी तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है। क्रय केंद्रों पर ताले लटके हुए हैं। जिसकी वजह से 72 दिनों में मात्र 14 प्रतिशत ही खरीद हो सकी है। वहीं क्रय केंद्र बंद होने की वजह से किसान आढ़तियों के अपनी फसल बेच रहा है। दूसरी ओर बाजार और समर्थन मूल्य बराबर होने के चलते जिले में कम खरीद होना भी वजह माना जा रहा है। अब 34 दिन में 16 हजार एमटी खरीद करना चुनौती बन गया है।

प्रदेश सरकार ने जिले में एक मार्च से 15 जून तक 99 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है, जिसके सापेक्ष जिले में 166700 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य दिया गया। गेहूं खरीद के लिए जिले में विभिन्न एजेंसियों के 136 क्रय केंद्र खोले गए। शुरू में क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद धीमी रही, लेकिन एक अप्रैल के बाद गेहूं खरीद में तेजी आ गई। जोर शोर से खरीद शुरू हुई खरीद के दौरान कुछ ही दिनों में एक हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद क्रय केंद्रों पर की गई।

इसके बाद हालात बदलते चले गए। अब क्रय केंद्रों पर ताले लटके हुए हैं। ऐसे में किसानों को मजबूरन आढ़तियों के यहां गेहूं बेचना पड़ रहा है। रविवार को सहसवान तहसील क्षेत्र के गांव नगला बारह स्थित पीसीएफ क्रय केंद्र पर ताले लटके हुए थे। यह हालात एक नहीं देहात क्षेत्र में खुले अन्य क्रय केंद्रों का है।

यही वजह से है कि अब तक मात्र 23630 मीट्रिक टन से अधिक की खरीद हो सकी है। वहीं बाजार और समर्थन मूल्य समान होने पर कम खरीद होना भी वजह माना जा रहा है।

> तहसील सहसवान के नगला बारह स्थित सहकारी समिति में पीसीएफ का क्रय केंद्र है। इस पर अभी तक 539 कुंतल गेहूं की खरीद की गई है। अगर क्रय केंद्र बंद है तो वहां के प्रभारी का स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।
> -**महेंद्र सिंह**, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता

### रविवार को नहीं खुलते क्रय केंद्र

गेहूं खरीद में लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए डीएम मनोज कुमार ने रविवार को भी क्रय केंद्र खोले जाने के आदेश दिए हैं। केंद्र प्रभारियों द्वारा डीएम के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। रविवार को देहात क्षेत्र के अधिकांश केंद्र बंद रहने से किसानों को आढ़तियों के यहां गेहूं बेचना पड़ा। रविवार को गांव म्याऊं और उसावां में गेहूं क्रय केंद्र बंद रहे।

# जिला अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचारः** जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन का मतदान सात मई को सकुशल रूप से संपन्न हुआ। ईवीएम व वीवीपैट को मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखवाया गया है। जिसकी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से सतत रूप से निगरानी की जा रही है।

रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी से की जा रही निगरानी सहित की गई अन्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने बताया कि ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं तथा इसकी सतत निगरानी की जा रही है। स्ट्रांग रूम के बाहर 24 घंटे पुलिस बल तैनात है।

# नर्सिंग कार्य नहीं मिशन है, जिसमें सेवाभाव है

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


रंगोली के पास मौजूद सम्मानित होने वाली नर्स। ● अमृत विचार

- शेखूपुर मार्ग स्थित शिखर नर्सिंग इंस्टीट्यूट में नर्सों के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम
- चिकित्सकों ने बताए नर्सों के दायित्व, कहा नर्स, नर्स नहीं समाज सुधारक भी होती हैं

**अमृत विचार :** शेखूपुर मार्ग स्थित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। नर्सों को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। नर्सिंग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मनमोहक रंगोली व पेंटिंग बनाईं। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष ने कहा कि बातों से ऊंचे नर्स के कर्म हैं।

संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमवती व संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने नर्सिंग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली जिला अस्पताल की मैट्रन लक्ष्मी अग्निहोत्री, सिस्टर रीता सरन, वंदना मौर्य, संस्थान की प्रधानाचार्य सारिका सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नर्सिंग के प्रणेता लेली विथ द लैंप के टाइटल से सम्मनित नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन के बारे में बताया। उनके सामाजिक कार्य, रोगियों के प्रति सेवाभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने छात्राओं को बताया कि नर्सों कर्म बातों से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं। सही मायने में मानवता की परिभाषा हैं। नर्सों के लिए कहा कि वह धन्य हैं कि उन्होंने मां के फर्ज के साथ मरीजों की सेवा रूपी मानवता के धर्म को चुना। इलाज के साथ मरीजों की सेवा की। नर्स ही नहीं वह समाज सुधारक भी हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि मरीजों की तीमारदारी में लगी नर्स को सिस्टर कहा जाता है। जो बहुत आत्मीयता से मरीजों की देखभाल करती हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि नर्स चिकित्सक की टीम का अम हिस्सा होती हैं। चिकित्सकों को सफल बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग शिक्षिका सुवी भास्कर, ज्योति सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद दिया। दयाराम राजपूत, राजीव सिंह, नवनीत ठक्कर, नवनीत शर्मा, गुंजन तिवारी, दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग एक लाख का सामान जला

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के ओरछी गांव में शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई, जिससे घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर पाया। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और क्षति का आंकलन किया।

ओरछी निवासी राजेन्द्र मौर्या के घर में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के वक्त पूरा परिवार घर में था। आग की लपटे उठती देख पूरा परिवार चीख पुकार करने लगा। आसपास के लोगों ने राजेन्द्र व उसके परिवार को घर से बाहर निकाला। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। बमुश्किल एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

तब तक राजेन्द्र के घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। राजेन्द्र के मुताबिक उनके घर में करीब एक लाख रुपये का सामान जल गया है। बताया कि घर में रखा टीवी, बैटरी, बिस्तर, गद्दे, चारपाई, दो कुंतल गेहूं और पांच हजार रुपये व कुछ जेवर जलकर राख हो गया है। हल्का लेखपाल दिनेश चंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन किया। रिपोर्ट बनाकर तहसील बिसौली प्रशासन को सौंपी है।







# अलग अलग हादसों में तीन की मौत, तीन घायल

## भैंस बचाने के चक्कर में डीसीएम और लोडर वाहन में हुई टक्कर, दूसरे हादसे में दवा लेने आए व्यक्ति की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं / विजय नगला

**अमृत विचार :** अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव किसुरुआ के पास हुआ। यहां सड़क पर डीसीएम के सामने अचानक आई भैंस को बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और लोडर वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद लोडर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरा हादसा इस्लामनगर थाना क्षेत्र के चंदोई रोड पर पेट्रोल पंप के पास हुआ। इसमें तेज गति से आ रही बाइक ने खड़ी बाइक में टक्कर मार दी, जिस पर बैठे संभल जिले का किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में किसान की मौत हो गई।


हरगोविंद का फाइल फोटो।


बृजेश का फाइल फोटो।

- **चंदोई के पास तेज रफ्तार बाइक ने खड़ी बाइक में मारी टक्कर किसान की मौत**

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बेलाडांडी निवासी बृजेश (18) पुत्र महीपाल और गोविंद (20) पुत्र नन्हे अपने खेतों में फसल उगाते थे। दोनों मंडी में बेचकर परिवार का पालन पोषण करते थे। रविवार सुबह लगभग पांच बजे दोनों किसानों ने कस्बा दातागंज के मोहल्ला बड़ा परा निवासी जयप्रकाश के लोडर वाहन पर सब्जी लादी और बदायूं की सब्जी मंडी आ रहे थे।

जयप्रकाश लोडर वाहन चलाते थे जबकि गांव बेलाडांडी के गंगाधर पुत्र महीपाल और अर्पित पुत्र मानसिंह साथ बैठे थे। रास्ते में थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव किसरुआ के पास भैंस छूटकर सड़क पर आ गई। भैंस को बचाने के लिए जयप्रकाश ने लोडर को साइड से निकालने की कोशिश की इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम से लोडर वाहन टकरा गया। तेज धमाके के साथ लोडर वाहन पलट गया। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोडर वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बृजेश और गोविंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अर्पित, गंगाधर और जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने बृजेश और गोविंद की मौत की पुष्टि कर दी। हादसे के बाद डीसीएम का चालक व हैल्पर भाग गए। दोनों युवकों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। मूसाझाग इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


किसुरुआ के पास हुए हादसे के बाद सड़क पर फैली पड़ी सब्जियां। ● अमृत विचार


भिड़ंत के बाद गांव किसरुआ के पास खड़ी डीसीएम।

### बाइक की टक्कर से संभल निवासी किसान की मौत

**इस्लामनगर।** चंदोई रोड पर सड़क किनारे खड़े किसान को तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जिला संभल की कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के गांव गांव बुढ़नगर खुंडआ निवासी ज्ञान सिंह (50) पुत्र रूप सिंह शनिवार शाम को दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में चंदोई रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक रोककर साइड में खड़े हो गए। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक ने उनको टक्कर मार दी। ज्ञान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने ज्ञान सिंह के परिजनों को सूचित करते हुए उन्हें रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करके रेफर किया। परिजन उन्हें चंदौसी ले जा रहे थे लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के परिजन ने टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# आने वाले दिनों में और अधिक सताएगी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **तापमान 44 डिग्री से अधिक पहुंचने का अनुमान**

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव जारी है। दो दिन से मौसम में बदलाव दिखाई दिया। तापमान में गिरावट रही। इसके बाद मौसम में फिर से परिवर्तन होने लगा है। तापमान धीरे धीरे ऊपर चढ़ने लगा है। ऐसी स्थिति होने पर कृषि विभाग के अधिकारी आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के चेतावनी दे रहे हैं। तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचने वाला है। ऐसी स्थिति बनने पर सेहत का ख्याल रखने की सलाह डाक्टरों द्वारा दी जा रही है।

बीते शनिवार को भी अल सुबह तक आसमान में बादल छाए रहे, जिससे मौसम में ठंडक का असर बना रहा, जबकि सुबह नौ बजे के बाद तेज धूप खिली और पारा बढ़ने लगा, जिसके चलते गर्मी का आभास हुआ। रविवार को सुबह से ही सूर्यदेव के तेवर तल्ख दिखे। स्थिति यह हो गई कि दस बजे तक तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर के समय पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। तेज धूप और गर्मी से राहत पाने के लिए सड़कों से गुजर रहे राहगीर मुंह ढककर गुजरते दिखाई दिए। तेज धूप का असर बाजार में भी दिखाई दिया, जिसके चलते सन्नाटा रहा। बाजार में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट से अवगत कराते हुए अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव रहने की संभावना जताई है। जिसके चलते जहां बादल छाने की संभावना बनी हुई है तो वहीं तेज हवाओं के चलने के असार भी है। एक दिन बाद मौसम पूरी तरह से साफ होने की संभावना रहेगी, जिससे पारा बढ़ने से लू चलने के आसार भी रहेंगे। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया अगले दो दिनों में मौसम में परिवर्तन होने की संभावना बनी रहेगी, जिससे जहां आसमान में बादल छाए रहेंगे तो वहीं तेज हवा चलने की संभावना बनी हुई है, जबकि अगले सप्ताह पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार बने है।

## घर में घुसकर पीटा तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर के वार्ड सात निवासी जीशाना पत्नी रिहानउद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले गुड्डू, सद्दाम, सोहेब उनके घर में घुस आए थे। गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो उन्होंने महिला के बेटे अरबाज और अरमान को बुरी तरह से पीट दिया। दोनों बेटे घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। साथ ही महिला की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# रामगंगा में डूबकर बहन की मौत, भाई को निकाला बाहर

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बरेली के हाफिजगंज निवासी रमेश की थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नौनी टिकन्ना में ससुराल है। वह 15 दिन पहले अपनी पत्नी, दो बच्चे क्रांति (12) और अमित (10) के साथ ससुराल आए थे। रविवार दोपहर लगभग चार बजे भाई-बहन रामगंगा किनारे गए गए थे। कुछ देर घर पर रुकने के बाद वह नहाने के लिए रामगंगा में घुस गए और डूबने लगे। उन्हें डूबता देखकर घाट पर मौजूद ग्रामीणों ने रामगंगा में छलांग लगा दी। अमित को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन क्रांति का पता नहीं चला। ग्रामीण काफी देर तक रामगंगा में उसकी तलाश करते रहे। कुछ समय के बाद रामगंगा में क्रांति मिल गईं। परिजन और ग्रामीण उन्हें दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने क्रांति को मृत घोषित कर दिया। परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, गाय की मौत

**दातागंज।** नगर के बरेली रोड तिराहे पर मंडी समिति के निकट अवैध खनन कर मिट्टी लेकर जा रही ट्रैक्टर – ट्राली गाय को बचाने चक्कर में विद्युत पोल से टकरा गई। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से टूटे विद्युत पोल की वजह से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कस्बे के लोगों का कहना है कि रविवार को प्रात: चार बजे के करीब बरेली रोड पर तेज रफ्तार से खनन की मिट्टी लेकर आ रहे ट्रैक्टर – ट्राली के सामने नगर के मंडी समिति के निकट अचानक से गाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली बिजली पोल से टकरा गई। ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार टक्कर से गाय की मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक भी मामूली रूप से घायल हो गया। इसके बाद वह ट्रैक्टर ट्राली ले जाने में सफल रहा। वहीं टूटे बिजली के पोल की वजह से आपूर्ति ठप हो गई। टूटे पोल को अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में खनन तेजी से हो रहा है।

# ई-रिक्शा चालक के हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी के गांव सतेती में छह दिन पहले गांव के एक ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों की ओर से तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रविवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गांव सतेती निवासी संदीप कुमार पुत्र विजय प्रकाश और गांव के ही दूसरे ई-रिक्शा चालक फईम का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसमें संदीप कुमार के शरीर में कुछ अंधरुनी चोट आई। जिसकी इलाज के दौरान छह मई की शाम को मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। जिसके बाद परिजन की तहरीर पर फईम समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी फईम को गिरफ्तार करके जेल भेजा। बिल्सी कोतवाल कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# मुठभेड़ में छैमार गिरोह के चार बदमाश पकड़े, सिपाही घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुठभेड़ के बाद पुलिस ने छैमार गिरोह के तीन बदमाशों को पकड़ लिया। सरगना को पकड़ने के लिए पुलिस जैसे ही आगे बढ़ी, वैसे ही उसने ताबड़तोड़ पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरोह के सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया। जबावी कार्रवाई में एक बदमाश भी घायल हुआ है। पुलिस ने चारों बदमाशों के कब्जे से असलाह, चोरी के जेवर आदि सामान बरामद किया है। रविवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र में चोरी और लूट घटनाएं अचानक बढ़ गईं। इस पर एसएसपी ने स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी को भी लगाया। शनिवार को पुलिस और एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सोभनपुर मोड़ से तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश आमिर खान उर्फ जुनैद खान निवासी गांव ढक्का थाना सैदनगली अमरोहा, इशरत उर्फ दिलशाद निवासी रेलवे स्टेशन भोजपुर मुरादाबाद हाल निवासी गांव मईनाथ थाना मडराक जिला अलीगढ़ और यहीं का अरबाज उर्फ अबराज हैं।

पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह छह मार गिरोह के सदस्य हैं। उनका सरगना इशरत उर्फ चेयरमैन उर्फ आसिफ निवासी ग्राम बुरावली थाना रहरा जिला अमरोहा है। वे लोग एक वारदात करने वाले हैं, इसलिए इशरत उनसे मिलने के लिए आ रहा है।


मुठभेड़ के बाद पुलिस की गिरफ्त में गिरोह का सरगना इशरत उर्फ चेयरमैन।


जेल भेजने से पहले थाना जरीफनगर में मौजूद पकड़े गए तीन बदमाश। ● अमृत विचार

- **जरीफनगर, वजीरगंज थाना क्षेत्र के अलावा कई जिले व राज्यों में कर चुके हैं घटनाएं**
- **भीख मांगकर करते हैं रेकी कच्छा-बनियान में घटनाओं को देते हैं अंजाम**

### खानाबदोश जीवन जीते हैं बदमाश, रेकी करके घटना को देते हैं अंजाम, नल के हत्थों से करते हैं वार

सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यह गिरोह संगठित रूप से वारदात को अंजाम देते हैं। खानावदोश का जीवन जीते हैं। दिन में मच्छरदानी या भीख मांगकर रेकी करते हैं। एकांत घरों को चिन्हित करके घटना को अंजाम देते हैं। घटना के दौरान आरोपी बंधक बना लेते हैं और हत्या जैसे अपराध करने से भी नहीं चूकते हैं।


मुठभेड़ के बाद मौके पर पड़ा तमंचा।

### सर्राफ के यहां हुई चोरी का माल बरामद

बदमाशों ने बताया कि जनवरी में दहगवां में सराफा की दुकान में उन्होंने ही चोरी की थी। जिसके बाद दो मई को गांव जतकी निवासी नेकराम, जहीर अहमद, जमीर अहमद, नबी शेर के घर लूट की थी। वह थाना वजीरगंज क्षेत्र में चोरी कर चुके हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से 9500 रुपये, सोने की दो अंगूठी, दो जोड़ी कुंडल, तीन जोड़ी पायल, चांदी का हथफूल, एक चेन, महिला की अंगूठी, एक जोड़ी खंडुआ, दो लौंग, चांदी की अंगूठी व हार के अलावा तमंचे व कारतूस बरामद किए।

### इशरत ने पुलिस पर कर दी ताबड़तोड़ फायरिंग

पकड़े गए बदमाशों के बताने पर जरीफनगर पुलिस और एसओजी ने गांव जतकी चौराहा पर बागवाला से मालपुर ततेरा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति आया। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में सिपाही गौरव चौधरी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली इशरत उर्फ चेयरमैन के पैर में धस गई, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए।

# पिल्ले को ईट से कूचकर मारने का वीडियो वायरल, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने की पिता व दो बेटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला लालपुल निवासी एक व्यक्ति और उसके दो बेटों पर एक पिल्ले की ईंटों से कूचकर हत्या का आरोप लगाया है। पशु प्रेमी ने पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही एक वीडियो दिया। जिसमें पिता-पुत्र पिल्ले को सड़क पर घसीटते हुए ले जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला कल्याण नगर निवासी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को उन्हें जानकारी मिली कि लालपुल चौराहे से शकील रोड पर एक व्यक्ति के बेटे को पिल्ले ने काट लिया था। जिसके बाद उसने और उसके दो बेटों ने पिल्ले को ईंट से कूचकर मार दिया है। वह पिल्ले के शव को घसीटते हुए ले जाकर कहीं फेंक दिया है। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल भी किया है। पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे और पिल्ले को मारने के बारे में जानकारी की। लोगों ने बताया कि उन्होंने पिल्ले को मारते हुए नहीं देखा जबकि पिल्ले के शव को घसीटते हुए ले जाते देखा था। पशु प्रेमी ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। सदर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला बदर को पुलिस ने संभल की सीमा में छोड़ा

**उघैती, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी रामनाथ पुत्र ऊधल आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई हो चुकी है। सुरक्षा के मद्देनजर उसे जिला बदर किया गया है।

उपनिरीक्षक ह्रदेश कुमार ने उसे नोटिस तामील कराया। रविवार को उसे इस्लामनगर थाने से जिला संभल की सीमा पर ले जाकर छोड़ा गया। वह बिना अनुमति के छह महीने तक जिले में वापस नहीं आएगा। जिस जिले में जाएगा वहां के थाने में उपस्थिति दर्ज कराएगा।



जिला बदर को जिला संभल की सीमा में छोड़ते उपनिरीक्षक।

### गृह कलेश में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**विजय नगला।** गृह कलेश में एक महिला ने शनिवार शाम घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी निवासी पुष्पेंद्र की शादी आठ साल पहले शिवानी (28) के साथ हुई थी। परिवार में अक्सर किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। परिवार के लोग मामला शांत करा देते थे। शनिवार रात शिवानी ने खाना खाया और सोने के लिए अपने कमरे में चली गई थीं। रविवार सुबह वह अपने कमरे से बाहर नहीं आईं तो परिजनों ने उन्हें आवाज लगाई। दरवाजा खटखटाया लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आई। परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। भीतर शिवानी का शव कमरे में लगी कुंडी पर फंदे पर लटका था। महिला के मायके वालों ने शिकायती पत्र नहीं दिया है। बताया कि गृह कलेश में महिला ने फांसी लगाई है।

### एंबुलेंस पलटने से घायल महिला के हाथ-पैर टूटे

**दातागंज।** अपने बेटे के साथ बदायूं शहर से अपने गांव जा रही महिला को कांसपुर मार्ग पर बाइक से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन महिला को जिला अस्पताल न ले जाकर प्राइवेट एंबुलेंस से बरेली ले जा रहे थे, लेकिन गांव बौरा के पास एंबुलेंस पलट गई। पहले से घायल महिला का हाथ व पैर टूट गया। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरिया खन्नू निवासी मुन्नी देवी (60) पत्नी शिव पाल अपने बेटे दिनेश सिंह के साथ रविवार दोपहर लगभग 12 बजे बाइक से वापस अपने गांव आ रही थीं। कांसपुर के पास बाइक पर महिला को झपकी आ गई। वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। महिला को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों जिला अस्पताल रेफर किया। बेटे की सूचना पर अन्य परिजन सीएचसी पर पहुंच गए। परिजन महिला को बदायूं न ले जाकर निजी एंबुलेंस से बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। महिला का एक हाथ और पैर टूट गया। दूसरा वाहन मंगलवाकर महिला को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सरकारी क्रय केंद्रों से किसानों का हुआ मोहभंग आढ़तियों को गेहूं बेचने को मजबूर

**दातागंज।** गेहूं की खरीद के लिए कस्बे में खोले गए क्रय केन्द्रों पर किसान गेहूं न बेच कर आढ़तियों को बेच रहे हैं। उनका सरकारी क्रय केंद्र से मोहभंग हो गया है। आढ़ती भी किसानों के घर पहुंचकर समर्थन मूल्य से अधिक पर गेहूं खरीद रहे हैं। मण्डी समिति में चल रहे क्रय केन्द्रों पर सरकारी रेट 2270 रुपये कुंतल है। इसके बाद भी क्रय केंद्र पर किसानों का 2250 रुपये में गेहूं खरीदा जा रहा है। जबकि आढ़ती किसानों के घर पहुंचकर नगद भुगतान करते हुए किसानों से 2270 रुपये कुंतल गेहूं खरीद रहे है। मूल्य में अंतर न होने से अब किसान सीधे आढ़त पर गेहूं बेचना बेहतर समझ रहे है। आढ़तियों के यहां किसानों की दूसरी वजह भी सामने आई है। जिन किसानों ने केसीसी के तहत ऋण लिया है। उनके द्वारा क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के बाद पैसा सीधे बैंक खाते में जाएगा। जिसे बैंक ऋण के रूप में जमा कर लेगे। जिसकी वजह से क्रय केंद्रों पर खरीद ठप हो गई है। रविवार को मंडी में बने आरएफसी के क्रय केन्द्र पर इंजार्च गैरहाजिर थे। उनके स्थान पर बिचौलियों द्वारा गेहूं तौला जा रहा था। गेहूं खरीद न होने पर एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने खरीद में तेजी लाने की बात कही है।

### गांव में जलभराव, नाले के पानी में तैरने लगी मछलियां

**विजय नगला।** जगत विकास क्षेत्र के गांव किसुरुआ में कई माह से सफाई कर्मी नहीं पहुंचा है। इससे गांव में जल भराव होने से समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। जिसमें गांव की नालियों व मार्गों पर मछलिया तैरती हुई दिखाई दे रही हैं। सफाई न होने की शिकायत ग्रामीणों ने बीडीओ से की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कई महीनों से सफाइकर्मी नहीं आ रहा है। जिसके चलते जगह–जगह जलभराव है और कीचड़ है। सड़कें तालाब बन गई हैं। जिसमें मछलियां तक तैरने लगी हैं। गांव में गंदगी फैली है। नालियां भी बजबजा रही हैं। रविवार को ग्रामीणों ने मछलियों के तैरने का वीडियो वायरल किया। गांव के राजवीर यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान से लेकर अधिकारियों से सफाइकर्मी के न आने की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। गांव में राष्ट्रीय त्योहार पर भी सफाई नहीं होती। आरोप है कि ब्लॉक के अधिकारियों से सांठगांठ कर सफाई कर्मी मानदेय निकाल लेता है। ग्राम प्रधान संजू यादव ने बताया कि गांव में एक सफाइकर्मी की तैनाती है। वह लगभग दो महीने से गांव नहीं आ रहा है। उसकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही तो क्या कर सकते हैं।

# पत्नी के हत्यारोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

**विजय नगला, अमृत विचार :** महिला की गला दबाकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन व अंगूठी न देने पर थाना मूसाझाग क्षेत्र की नगर पंचायत गुलड़िया के वार्ड तीन निवासी चीनू (22) की शुक्रवार को गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। महिला की मौत के बाद ससुरालीजन फरार हो गए थे। चीनू के पिता जिला अलीगढ़ के थाना इगलास क्षेत्र के चंपा कॉलोनी निवासी डालचंद्र पुत्र रामचंद्र की तहरीर पर चीनू के पति विकास, सत्यभान, ओमकार और राहुल के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अपराध निरीक्षक राजीव कुमार व सिपाही गौरव सिंह ने आरोपी विकास को रविवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे गांव मचलई तिराहा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट के सामने पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।


थाना मूसाझाग पुलिस की गिरफ्त में पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति।

- **अन्य आरोपियों को तलाश कर रही पुलिस**

निर्देश

**प्रधान प्रबंधक की ओर से क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक को किया गया निर्देशित**

# यात्रियों से मधुर व्यवहार न करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** यात्रा के दौरान रोडवेज बसों के बहुत से परिचालकों का व्यवहार यात्रियों के लिए सही नहीं होता। आए दिन निगम के अधिकारियों को यह शिकायत मिलती रही है। जिसके चलते प्रधान प्रबंधक, संचालन ने निर्देश जारी किया है, जिसके अनुसार बसों के चालक और परिचालक यात्रियों से मधुर व्यवहार करेंगे। ऐसे न करने पर जांच करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निगम को शिकायत मिली थी कि रोडवेज बसों के चालक और परिचालक यात्रियों के साथ शिष्टाचार पूर्वक पेश नहीं आते। जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। जिस पर प्रधान प्रबंधक, संचालन अंकुर विकास ने निर्देश जारी किए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चालक और परिचालकों को मधुर व्यवहार करने को कहें। जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। यात्री की शिकायत आने पर संबंधित चालक व परिचालक को बुलाएं। जांच के बाद शिकायत सही मिलने पर कार्रवाई करें। जिससे यात्रियों में निगम के प्रति विश्वनीयता बनी रहे। मार्गों पर जाने वाली बसों में प्रस्थान व गंतव्य स्पष्ट रूप से लिखा हो।

चालक व परिचालकों को स्टापेज पर यात्रियों को चढ़ाने व उतारने, उनका सामान चढ़ाने व उतारने में सहयोग करने को प्रेरित किया जाएगा। बुजुर्गों का प्राथमिकता से सीट उपलब्ध कराई जाएगी। हर यात्री का गंतव्य तक का टिकट बनाया जाए। चालक और परिचालक अनिवार्य रूप से अपनी वर्दी में होने चाहिए। बस में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ नहीं जाएगा। कोई भी मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेगा। रास्ते में अधिकृत ढाबों पर बसें रोकी जाएंगी। सभी बसें मार्गों पर पड़ने वाले बस अड्डे के भीतर तक जाएंगी। जो इन-आउट रजिस्टर पर अंकित किया जाएगा।



बदायूं रोडबेज बस अड्डे में खड़ी बसें। ● अमृत विचार

- **परिचालक व चालक को जारी किए गए दिशा निर्देश**

> वरिष्ठ केंद्र प्रभारी के माध्यम से सभी चालक और परिचालकों को निर्देशित कर दिया गया है। वह यात्रियों से मधुर व्यवहार करेंगे। शिकायत प्राप्त होने पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **डीके चौबे**, एआरएम, बदायूं

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555
9412192305

## शाहजहांपुर में आज होगा मतदान

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिले में आज (13 मई सोमवार) को लोकसभा सामान्य निर्वाचन और ददरौल विधानसभा उपचुनाव होना है। चुनाव के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं। जिले में 2481 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जिले में कुल 23 लाख 31 हजार 834 मतदाता हैं। रविवार को सुबह से ही ओसीएफ रामलीला मैदान में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अतिरिक्त हजारों मतदान कार्मिक जुटने शुरू हो गए थे। जैसे-जैसे सूरज चढ़ता जा रहा था, वैसे-वैसे सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय और तृतीय भी डयूटी के लिए बढ़ते जा रहे थे। मतदान कार्मिकों को डयूटी पत्र वितरण करने, मतदान सामग्री और ईवीएम प्राप्त करने के लिए विधानसभावार पंडाल लगाए गए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# सफाई की थी आस, गंदगी ने तोड़ दिया विश्वास

## शहर के सभी चौराहों पर लगा कूड़े का ढेर बांट रहा बीमारियां, नगर पालिका के अधिकारी साधे चुप्पी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में सफाई व्यवस्था चौपट होने से नाराज लोगों ने चुनाव में नगर पालिका परिषद की चेयरमैन सीट बदल दी थी। बदलाव होने पर लोगों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने की आस थी कि अब शहर में बदलाव नजर आएगा। शुरूआत के समय तो सफाई हुई, लेकिन अब सफाई व्यस्था धड़ाम हो गई है।

सफाइकर्मी कुछ जगहों से कूड़ा ले जाते हैं लेकिन ज्यादातर जगहों पर गंदगी के चलते वहां से गुजरना तक मुश्किल हो जाता है। मुख्य नाले भी चोक होने से परेशानी है। रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे रहे। लोग नाक बंद करके निकले तो कोई नगर पालिका के जिम्मेदारों को कोसते हुए गुजरा। नगर पालिका परिषद, बदायूं की चेयरमैन फात्मा रजा ने बताया कि सफाइकर्मियों को समय से कूड़ा उठाने का निर्देश दिया गया है। अगर कहीं कूड़ा नहीं उठ रहा है तो निरीक्षण करके सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

**बिनावर में जलभराव ने बढ़ाई परेशानी : बिनावर।** कस्बा बिनावर के मुख्य मार्गों पर जलभराव की वजह से बच्चे और बुजुर्गों का गुजरना दुश्वार हो गया है। काफी समय से सफाई न होने की वजह से नाले चोक हो गए हैं। गर्मी के मौसम में जलभराव के चलते कस्बा के लोगों को बीमारी का डर सता रहा है। मच्छरों से लोग परेशान हैं। लोगों के अनुसार कई बार मांग करने के बाद भी सफाइकर्मी नियमित नहीं आता है। शिकायतों के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### केस 1 भामाशाह चौक से बदायूं क्लब मार्ग



कस्बा और गांवों से आने पर रोज हजारों लोग भामाशाह चौक से बदायूं क्लब होते हुए लाबेला चौक की ओर जाते हैं। रास्ते में नगर पालिका ने कहने को दो कूड़ादान रखवाए हैं लेकिन वह शोपीस बनकर रह गए हैं। कूड़ादान के आसपास कूड़े का ढेर लगा रहता है। यहां से कभी-कभार ही कूड़ा उठाया जाता है।

### केस 2 डिपो चौराहे जिला महिला अस्पताल मार्ग



डिपो चौराहे से जिला महिला अस्पताल जाने वाले मार्ग किनारे कूड़े का ढेर लगा रहता था। आसपास के दुकानदार यहां कूड़ा एकत्र करते थे। नगर पालिका ने यहां बड़ा कूड़ादान रखवाया था, लेकिन कूड़ा उठाकर निस्तारित नहीं किया गया। जिसके चलते दुकानदार बाहर ही कूड़ा फेंक रहे हैं। कूड़ा उड़कर पास के नाले में जा रहा है। जिससे नाले के पानी की निकासी नहीं हो पाती।

### केस 3 मोहल्ला शिवपुरम का मुख्य तिराहा



जिला अस्पताल के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के पास से एक रास्ता शहर के मोहल्ला शिवपुरम की ओर जाता है। मोहल्ले के मुख्य तिराहे की स्थिति बद से बदतर है। कलेक्ट्रेट मार्ग की ओर से जाने के रास्ते पर बुरी तरह से गंदगी व्याप्त है। पूरी सड़क पर कूड़े का ढेर लगा है। रविवार को पूरा दिन यहां से गुजरने वाले लोग बचकर निकलते नजर आए।

### केस 4 ओवरब्रिज के नीचे कूड़ा, हो रही दिक्कत



ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग के पास कई दुकानें हैं। यहां सब्जी, फल व परचून के दुकानदार पास में ही एक गड्ढे में कूड़ा फेंकते हैं। यहां अक्सर छुट्टा गोवंश बैठे रहते हैं। रविवार को यहां से गुजरने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी सफाइकर्मी यहां से कूड़ाकर ले जाते हैं।

## शोरूम खुलवाने के नाम लाखों की धोखाधड़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी देवेश ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उससे व उसके पिता से उनकी संपत्ति किराए पर उठवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने संपर्क किया था। आरोपी ने कपड़ों का शोरूम खुलवाने के लिए हामी भरी थी। उसने अपना हिस्सा भी तय कर लिया था। विश्वास में आकर आरोपी को सात लाख रुपये छह दिसंबर 23 को ट्रांसफर कर दिए थे। आरोपी बराबर यह कहता रहा कि काम शुरु हो जाएगा। रुपये लेते समय उसने कहा था कि एग्रीमेंट कराने की क्या जरूरत है। पीड़ित ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

# माताओं के सम्मान में पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले भर के स्कूल कॉलेजों में रविवार को मदर्स डे मनाया गया। इस मौके पर माताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों ने कागज पर उनका चित्र बनाकर स्नेह जताया। इसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

शहर के मदर एथीना स्कूल में बच्चों ने नृत्य आदि प्रस्तुत करने के साथ ही अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल छात्रा मान्या सिंह, सहित अन्य विद्यार्थियों ने जीवन में मां के महत्व व उनके त्याग, ममता एवं समर्पण भाव को दर्शाते हुए प्रस्तुति दी।

कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने माताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### कार्ड में चित्र बनाकर बच्चों ने जताया मां के प्रति प्यार



न्यू हॉप्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। जिसमें मां को समर्पित एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने अपनी क्षमता एवं अपनी योग्यताओं को कला कृतियां को बनाया। उनके द्वारा कार्ड पेंटिंग आदि बनाई गई। वहीं रंगोली भी सजाई। इस दौरान स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अयान खान ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए मां की भूमिका को समझाया।

### वर्षा यादव ने किया माताओं को सम्मानित



**बिल्सी :** कस्बे के शिशु शिक्षा जूनियर हाईस्कूल में रविवार को धूमधाम से मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वर्षा यादव और प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने टॉप टेन मदर्स को वेज लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की अहम भूमिका होती है। इसलिए समय-समय पर माताओ का भी सम्मान करना चाहिए। विद्यालय चेयरमैन कमलेश शर्मा, डायरेक्टर रजनीश शर्मा, शुभम शर्मा, कृतज्ञ गौड़, आयुष गौड़, मेघा, हर्षित, राखी, फरहीन, अनुष्का, सरिता, मेविस, भावना मौजूद रहा रहे।

# नगर में 16 मई से उर्स, सजने लगी दुकानें

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार:** कस्बा के बिसौली रोड स्थित हजरत शाह सदरूद्दीन रहमातुल्ला अलैह की दरगाह पर 16 मई से उर्स शुरू होगा। इसको लेकर तैयारियां चल रही है। उर्स का आयोजन 28 मई तक चलेगा। इसके साथ ही उर्स में 20 मई से 24 मई तक दंगल होगा।

उर्स पर होने वाले दंगल में दिल्ली आगरा बरेली समेत कई बड़े शहरों से पहलवान कुश्ती लड़ने आते है। उर्स को लेकर मेले में दुकानदार अपनी दुकान लेकर पहुंचने लगे हैं। नगर के बिसौली रोड स्थित हजरत शाह सदरूद्दीन रहमातुल्ला अलैह की काफी पुरानी दरगाह है। यहां हर साल उर्स के मौके पर विशाल मेला लगता है। उर्स मेला देखने नगर व देहात क्षेत्र से काफी संख्या में लोग आते है। उर्स इंतजामिया कमेटी ने बताया कि इस उर्स में प्रदेश भर से पहलवान व सर्कस,झूला, कब्बाल आते है। हजारों जायरीन माथा टेकने आते हैं। उर्स मेले को लेकर दरगाह के आस पास साफ सफाई का काम चल रहा है। इस बार उर्स शुरु होने की तारीख लोगों को पता चलते ही पिछले कई दिनों से काफी संख्या में दुकानदार सामान लेकर पहुंच गए हैं। मजार के आसपास दुकानें लगने लगी है। कई खेल तमाशे भी लगने लगे हैं। इस मौके पर मेला इंचार्ज गफ्फार सिद्दीकी,असलम, वाहिद सिद्दीकी, साहिद खान, राशिद कुरेशी, डॉक्टर अफरोज, महबूब खान, गुड्डू सैफी, असलम मालिक, नईम शास्त्री, फिरोज, दंगल इंचार्ज शाहिद पहलवान, खलील सैफी समेत आदि लोग मौजूद रहे।



दरगाह परिसर में मौजूद मेला आयोजक ● अमृत विचार

● **हजरत शाह सदरूद्दीन रहमातुल्ला अलैह की दरगाह पर उर्स को लेकर चल रहीं तैयारियां**

# खेत में सोता दिखाई दिया तेंदुआ, युवक ने फोटो खींची

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में हरे चारे की फसल में तेंदुआ सोता हुआ देखा गया। गांव के युवक ने साहस दिखाते हुए लोकेशन के साथ सोते हुए तेंदुए की फोटो खींचकर वन विभाग को भेजी।

थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मालिनी निवासी नन्हे रविवार की सुबह शौच करने जंगल में जा रहा था। साथ में गांव का ही युवक साकिब भी नन्हे के साथ था। दोनों आकिल के खेत में खड़ी मक्का की फसल के पास पहुंचे तो देखा बराबर में खड़ी हरे चारे की फसल में तेंदुआ सो रहा है। सोते तेंदुए को देखकर नन्हे व साकिब घबरा गए, लेकिन साकिब ने हिम्मत से काम लेते हुए फोन से सोते हुए तेंदुए का फोटो अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया।

खेत में तेंदुए के सोने की जानकारी होने पर ग्रामीण समूह बनाकर खेतों में खड़ी मक्का व अन्य फसलों की रखवाली करने जंगल में पहुंचे। शनिवार को भी थाना क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी के जंगल में खाली खेत में दौड़ते व दूसरे खेत में जाते हुए जंगली जानवर की वीडियो वायरल हुई थी।

वहीं दो गांवों में तेंदुआ होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। वन रेंजर उस्मान अली ने बताया कि फसल में सोते हुए तेंदुए मिलने की सूचना मिली है। सोमवार की सुबह गांव पहुंचकर जंगल में तेदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

# बिसौली में धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव



भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** नगर के बिसौली-कासगंज बाईपास मार्ग स्थित सांई सद्भावना नर्सिंग होम पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने हवन-पूजन किया और भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. आशुतोष शर्मा, संध्या शर्मा, रुद्राक्ष शर्मा, श्रीराम शर्मा, पंकज शर्मा, हिमांशु शर्मा, डॉ विवेक चौहान, अर्जुन बघेल, हर्षित बघेल, रामप्रकाश, मोहित यादव, प्रतीक चौहान ,सोनू तोमर आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# नशे को रुपये न देने पर की थी मां की हत्या

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** नशा करने के लिए रुपये न देने पर गुस्साए बेटे ने ही वृद्धा की हत्या की थी। उसने नशे की हालत में पहले मां के साथ मारपीट की। जहरीला पदार्थ पिलाया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका की बेटी की ओर से दी गई तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

घटना शनिवार शाम को हुई थी। कोतवाली के मोहल्ला बख्तावर लाल की रहने वाली 55 वर्षीय बिंदु पत्नी स्वर्गीय रघुवीर सरन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थीं। उनकी तीन बेटियों रचना, नीतू और शीतल की शादी हो चुकी है। वह अपने 24 वर्षीय पुत्र बृजेश उर्फ सागर के साथ रहती थीं। बेटा नशा अधिक करता है। नशा के लिए रुपये न देने पर आए दिन मां से मारपीट करता था। छह माह पहले भी जहर देकर हत्या की कोशिश की थी। शनिवार शाम को वृद्धा का शव अपने ही मकान में मिला था। सूचना मिलने पर पहुंची मोहल्ला दुबे की निवासी विवाहित पुत्री शीतल ने पुलिस को सूचना दी थी। जिसमें बेटे बृजेश पर मां की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने जानकारी की। मृतका की बेटी से मिली तहरीर इकलौते बेटे के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने घटना के कुछ देर बाद ही आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ की गई, जिसमें पहले तो वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। मगर सख्ती करने पर गुनाह कबूल कर लिया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि आरोपी ने मां से नशा करने के लिए रुपये मांगे। जब रुपये देने से इनकार किया तो वह मारपीट कर गुस्सा होकर चला गया। बाहर कहीं से नशा करके वापस आया और फिर मां की जान का दुश्मन बन गया। उसने पहले कोई जहरीला पदार्थ अपनी मां को पिलाया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी बृजेश।

## शहर में आज

- चिंतन एकता समिति की मासिक बैठक जिला कार्यालय गंगेश्वचर कॉलोनी में सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक शहर के अशोक नगर स्थित कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- शिवा विवाह शहर के मुहल्ला जय-जयराम स्थित शिव मंदिर पर शाम चार बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### रंजिशन घर में घुसकर की मारपीट, एफआईआर

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला उल्फत निवासी उमा देवी पत्नी मुन्नालाल ने गांव के ही राम बाबू, प्रेमचंद्र राहुल, चरन सिंह, संतोष, के विरुद्ध लाठियों से मारपीट करने, गाली गलौज करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने पुलिस से अपनी जान, माल सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर का भोजराज अवस्थी का कहना है एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट का मामला दर्ज

**कासगंज।** सोरों कोतवाली के गांव फतेहपुर निवासी हरदेवी पत्नी महावीर सिंह ने गांव के ही देवेंद्र, उसकी मां रामबेटी, भाई सत्यपाल के विरुद्ध एक राय होकर घर में घुसकर आने और लाठियों से पीटने, गाली गलौज देने का मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** नगला सीसिया निवासी कुंवरपाल पुत्र रामस्वरूप ने बताया है कि उसने अपनी बेटी की शादी मिरहची के गांव रामई निवासी विकास के यहां की थी। आरोप है कि दहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता की बेटी का उत्पीड़न किया, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने विकास समेत छह ससुरालीजनों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### मंदिर से घंटा चोरी

**एटा।** सकरौली थाना क्षेत्र के गांव नगला छोंकर निवासी जुगेन्द्र सिंह का कहना है कि गांव में उसका निजी मंदिर बना हुआ है। रात के समय अज्ञात चोर आए और निजी मंदिर से 5 घंटा चोरी कर चंपत हो गए। दूसरे दिन जानकारी होने पर चोरों की तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# प्लॉट बने कूड़ाघर, लगे गंदगी के ढेर

## लोगों ने बना रखा है प्लाटों को डलाव घर, छुट्टा पशु बढ़ा रहे समस्या, संक्रमण का भय

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



शहर की बैंक कॉलोनी में प्लाट में डाला गया कूड़ा। ● अमृत विचार

- बैंक एवं लवकुश नगर क्षेत्र में प्लाटों में गंदगी बिगाड़ रहे सूरत
- लोगों ने नगर पालिका से की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** शहर की बैंक एवं लवकुश नगर क्षेत्र में प्लाट बस्ती की सूरत बिगाड़ रहे हैं। लोगों ने प्लाटों को डलाव घर बना रखा है। घरों से निकलने वाला कूड़ प्लाटों में डाल रहे हैं। छुट्टा पशु कूड़े को फैलाकर समस्या को बढ़ा रहे हैं। स्थानीय लोग संक्रमण के भय सता रहा है। पालिका प्रशासन से प्लाटों की सफाई कराकर इन पर अकुंश लगाने की मांग की है।

वैसे शहर की तमाम नव विकसित कॉलोनियों में प्लाट डलाव घर बन गए हैं। स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि पालिका के सफाई कर्मचारी भी बस्तियों का कूड़ा एकत्रित कर खाली प्लाटों में डाल देते हैं। शहर की बैंक कॉलोनी में तो डलाव घर बने प्लाट कूड़े से भरे हैं। दो दिन पूर्व बारिश से इन प्लाटों का कूड़ा भीग गया और सड़ने लगा है जिससे दुर्गंध आ रही है। मच्छर पनप रहे हैं। इतना नहीं छुट्टा पशु इस कूड़े को फैलाकर गंदगी को बढ़वा दे रहे हैं। स्थानीय लोग इस बात को लेकर आशंकित हैं कि कूड़े से बढ़ रहे मच्छर कहीं संक्रमण को न फैला दें। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि प्लाटों से कूड़ा निकलवाकर सफाई कराई जाए। साथ ही प्लाट स्वामियों को चेतावनी दी जाए कि वह अपनी बाउंड्रीवाल कराएं।

> प्लाटों के स्वामियों को पहले भी चेतावनी दी जा चुकी है। अब नियमानुसार नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी। पालिका के सफाई कर्मचारियों की टीम भेजकर प्लाटों से कूड़ा हटवाया जाएगा। - **अमित कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका



स्थानीय लोग ही इस गंदगी के जिम्मेदार हैं। प्लाट देखकर इनमें कूड़ा डाल रहे हैं। पालिका खाली प्लाट के स्वामियों को चिन्हित कर प्लाट की बाउंड्रीवाल कराने को कहे। जिससे गंदगी की रोकथाम हो सके। - **दीपक पचौरी**



कूड़े के ढेरों से मच्छर पनप रहे हैं। बारिश होने से कूड़े के ढेरों से दुर्गंध आ रही है। जीना दुश्वार हो गया है। संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इसकी व्यवस्था करें। - **अतुल गोयल**

## सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल, दो को किया रेफर

**कासगंज, अमृत विचार :** अलग अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में से दो गंभीर हालत में जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया है।

बढ़ारी बैस के समीप दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। एटा देहात कोतवाली के गांव ब्रह्मपुरी निवासी दिनेश एवं फूल सिंह व अजबपुर निवासी होरी लाल घायल हो गए। घायल फूल सिंह को अलीगढ़ रेफर किया है।

सोरों क्षेत्र में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। सोरों कोतवाली के गांव बरौदा निवासी नंदकिशोर पुत्र बदन सिंह, रेशमा पत्नी ओमकार एवं बदायूं के थाना उझानी के गांव पतौरा निवासी शिव सिंह पुत्र बद्रीराम, उदयवीर पुत्र जोगेंद्र एवं सोरों कोतवाली के गांव मुसाबली निवासी शराफत घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शिव सिंह को अलीगढ़ रेफर किया है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दुधारू पशु की मौत

**संवाददाता, कासगंज**

- पशुपालकों ने विद्युत विभाग के प्रति जताया आक्रोश
- तहसील प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग

**अमृत विचार :** अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव बनूपुरा में पोल से झूल रहे हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आ कर दुधारू पशु की मौत हो गई। घटना पर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश जताया है। विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पशुपालक ने तहसील प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के बनूपुरा गांव निवासी नेम सिंह पुत्र नौबत राम यादव ने बताया कि उसकी भैंस रविवार की शाम को खेत में चरने गई थी। जहां पर रास्ते में विद्युत पोल से हाईटेंशन लाइन का तार काफी नीचे लटक रहा था। करंट की चपेट में आने से उसकी 60 हजार रुपये कीमत की भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भैंस को बचाने के चक्कर में नेम सिंह भी झुलस गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गांव में सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसे विद्युत विभाग की लापरवाही बताया है। लोगों ने विधुत विभाग पर उदासीनता का आरोप लगाया है। कहा कि काफी अरसे से हाईटेंशन तार नीचे लटक रहा है। जिसे दुरुस्त नहीं कराया गया।

जमीन से मात्र कुछ ऊपर पर लटक रहे हाईटेंशन विद्युत तार को ठीक कराने की ग्रामीणों द्वारा मांग की गई है। ग्राम प्रधान राकेश यादव ने बताया कि पीड़ित परिवार भी गरीब है। हादसे का शिकार हुई भैंस गर्भवती थी जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है। नेम सिंह ने मुआवजा दिलाने की मांग की।

# तीर्थ नगरी में निकली परशुराम शोभायात्रा



परशुराम शोभा यात्रा में शामिल पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे एवं ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सोरोंजी**

- ब्राह्मण बंधुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत
- श्रद्धालुओं ने उतारी भगवान परशुराम की आरती

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों में रविवार को भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दर्जन भर से अधिक आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। ब्राह्मण बंधुओं ने शोभा यात्रा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और आरती उतारी। जगह जगह मीठे जल की प्याऊ भी लगाई गई थी। परशुराम की जय-जयकार से वातावरण भक्तिमय था।

भगवान परशुराम की शोभा यात्रा को हरि की पौड़ी स्थित परशुराम मंदिर से पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे एवं समाज बंधुओं ने भगवान परशुराम की आरती उतारकर शुरू किया। शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तुलसी नगर बदरिया, चंदन चौक, बस स्टैंड, सोमेश्वर घाट, अनाज मंडी चौराहा, कटेश्वर चौराहा, कटरा बाजार, रामसिंहपुरा, सब्जी मंडी कछला गेट, सहावर गेट, कोतवाली चौराहा होती हुई हरि की पौड़ी स्थित मंदिर पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में दर्जन भर से अधिक आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा भ्रमण के दौरान जगह जगह समाज लोगों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। शरद कुमार पांडेय, सौरव उपाध्याय, शिव वेदैल, अभिषेक वशिष्ठ, राजकुमार दीक्षित, जयप्रकाश त्रिवेदी, राहुल, गंगा विष्णु, सरस दुबे, अभिषेक वशिष्ठ, अशोक पांडेय, अतुल तिवारी, सत्यम चतुर्वेदी, जय किशन तिवारी, अतुल निर्भय, केशव महेरे, प्रशांत श्रुति, शशांक दीक्षित, उत्कर्ष पाराशर, राघव उपाध्याय, अशोक, गुरु दत्त निर्भय, कल्लू निर्भय, श्रीभगवान उपाध्याय, अभिनव पाराशर, धन उपाध्याय, प्रदीप उपाध्याय, सचिन चौधरी, कालीचरण माफीदार, राम गोविंद महेरे, योगेश महेरे, पार्वती बल्लभ महेरे, राधा कृष्ण चौधरी, इंद्र कुमार तिवारी, सुधांशु दुबे मौजूद रहे।

## किशोरी के साथ युवक ने की अश्लील हरकत, बनाई वीडियो

**कासगंज, अमृत विचार :** किशोरी के साथ युवक ने अश्लील हरकतें कीं और वीडियो बना ली। जातिसूचक गालियां देते हुए मारने की धमकी दी। अब आरोपी शादी करने का दबाव बना रहा है तथा शादी न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कोतवाली गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति की नातिन कस्बा मोहनपुर में बाजार गई थी। वह वापस आ रही थी तभी गढ़ी मोहनपुरा निवासी फरदीन खान ने उसे रोक लिया और जबरदस्ती खंडहर में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। जब किशोरी ने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो उसने किशोरी को जातिसूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो बना ली। अब आरोपी किशोरी पर शादी करने का दबाव बना रहा है। वीडियो वायरल कर देगा। सहावर के इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

# राजनैतिक शक्ति बढ़ाए ब्राह्मण समाज




परशुराम जन्मोत्सव समारोह में मंच पर मौजूद ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सोरोंजी**

- ब्राह्मण कल्याण सभा ने प्रतिभावान एवं बुद्धजीवियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** ब्राह्मण कल्याण सभा भगवान परशुराम जन्म-जयंती समारोह मनाया गया। हरि की पौड़ी स्थित पर्यटन केंद्र पर हुए कार्यक्रम में विद्वानों एवं प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। समाज की एकजुटता, शिक्षा और राजनैतिक ताकत बढ़ाने पर बल दिया गया। आयोजकों ने विद्वानों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय एकता मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने अपनी प्रतिभा के दम पर समाज में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। बिना आरक्षण की बैशाखी ब्राह्मण ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी है। ब्राह्मण कल्याण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की जरूरत है। एकता से ही हर असंभव कार्य सिद्ध किया जा सकता है। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान परशुराम, गोस्वामी तुलसीदास, मां गंगा, भगवान वराह के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व पुष्प वर्षा कर उनका अर्चन किया। पंडित सर्वेश चरौरे व गिर्राज किशोर तिवारी ने स्वस्ति वाचन किया। भजन गायकों दीपक निर्भय, ऋषभ बरवारिया, महेश मिश्रा ने राम नाम की महिमा के भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। पूर्व न्यायाधीश पीएन पाराशर, गौरीशंकर शर्मा, दिनकर राव चतुर्वेदी, मिरहची पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी उपाध्याय, साजन बाबू निर्भय, मोहन लाल त्रिगुणायत सहित 50 से अधिक विद्वानों को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

राजकुमार दीक्षित, शिवानंद उपाध्याय, गिरीश चंद मिश्रा, तरुण शर्मा, शिव वैंदेल, योगेश उपाध्याय, केशव महेरे, जयप्रकाश त्रिवेदी, राहुल बढ़गैयां, गौरव उपाध्याय, शोभित गौड आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# अब कासगंज रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी सस्ती दवाएं

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- जन औषधि केंद्र के लिए कासगंज जंक्शन स्टेशन भी हुआ चयनित

**अमृत विचार :** शहर के रेलवे स्टेशन पर अब शीघ्र ही सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी। स्टेशन जन औषधि केंद्र के लिए चयनित हुआ है। अंब्रेला प्रोजेक्ट के तहत खोल जाने वाले जन औषधि केंद्र के लिए चयनित हुए 61 स्टेशनों में से शहर के कासगंज जंक्शन स्टेशन का नाम भी शामिल है। रेलवे के ट्रैफिक कॉमर्शियल विभाग ने इस संबंध में कार्यवाही शुरू कर दी है।

जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को सस्ती दवाएं चलती ट्रेन और स्टेशन पर उपलब्ध हो सकें इसके लिए स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। 61 स्टेशनों इस योजना के तहत चयनित किया गया है। जिसमें कासगंज का रेलवे स्टेशन शामिल है। जन औषधि केंद्र के लिए शहर का स्टेशन चयनित होने पर स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों ने रेलवे बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त किया है। रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य अखिलेश अग्रवाल का कहना है कि इससे यात्रियों को सुविधा होगी। देखा गया है कि कभी दवा न मिलने के अभाव में मरीजों को स्टेशन पर काफी दिक्कत होती है। उन्हें शहर की ओर आना पड़ता है। अब यह समस्या समाप्त हो जाएगी। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने भी रेलवे बोर्ड के निर्णय के सराहना की है।

# स्ट्रीट लाइट के खंभों के खुले पड़े बॉक्स

**संवाददाता, गंजडुंडवारा**



कैनाल रोड पर खंभे के खुले बाक्स से निकले नंगे तार। ● अमृत विचार

- करंट रहता है प्रवाहित, बना रहता है खतरा

**अमृत विचार :** नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट के खंभे हादसों का जनक बन सकते हैं। खंभों में लगे बॉक्स खुले पड़े हैं। इनके तारों में करंट प्रवाहित रहता है। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से खुले पड़े बॉक्सों को बंद कराने की मांग की है।

हादसों के बावजूद भी विभाग सबक नहीं ले रहे। शनिवार को विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजावलपुर में12 वर्षीय मासूम की खंभे के सपोर्ट वायर में आ रहे करंट की चपेट में आकर जान चली गई थी। घटना के बाद से कस्बे में लोग नगर पालिका की लापरवाही पर भी चर्चा करने लगे। लोगों का कहना था कि कस्बे के मुख्य व व्यस्ततम मार्गों पर लगे नगर पालिका परिषद के स्ट्रीट लाइट के पोलों में खुली व लटकती तारें हादसों को न न्यौता देती नजर आ रही है। बारिश के दिनों में तो खतरा और भी बढ़ जाएगा। कस्बे के कैनाल रोड, रेलवे रोड, एटा रोड सहित ज्यादातर जगह लगे पालिका की स्ट्रीट लाइटों के पोल के बॉक्स खुले है और नंगे तार बाहर निकल रहे है। जिनमे जिम्मेदारों द्वारा टैपिंग भी करना उचित नहीं समझा गया है। इन मार्गो से होकर प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते है। नन्हें मुन्ने मासूम भी यहीं से होकर विद्यालय गुजरते हैं, लेकिन पालिका के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। जैसे किसी बड़े हादसा का इंतजार हो।

> कस्बे में लगे सभी स्ट्रीट लाइटों के खंभे के बाक्सों का निरक्षण करा जहाँ तार एवं बाक्स खुले हैं ।उनको बंद एवं खुले तारों पर टैपिंग कराई जाएगी। जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो। - **सुनील कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद

## नहर में स्नान करते समय भट्ठा मजदूर की डूबकर मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** नहर में स्नान करते समय भट्टा मजदूर गहरे पानी में डूब गया। कई घंटे के प्रयास के बाद उसका शव जिला एटा में बह रही हजारा नहर में मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिहार प्रदेश के बौद्धगया निवासी दीपक कुमार अपने परिवार के साथ सदर कोतवाली के ग्राम कुरामई स्थित एपीएस ईंट भट्टे पर ईंट पथाई का कार्य करता था। वह परिवार के साथ बढ़ारी वैश्य के समीप हजारा नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में डूब गया और लापता हो गया। ग्रामीण गोताखोरों ने नहर में युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पानी के तेज बहाव के साथ शव एटा की सीमा में पहुंच गया। एटा जनपद में बह रही हजारा नहर में युवक का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# खेल कूद प्रतियोगिताओं के लिए कैलेंडर जारी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- जुलाई के अंतिम सप्ताह से नवंबर अंत तक होंगी प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए परिषद ने खेल कैलेंडर जारी कर दिया हैं। परिषद द्वारा खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए विद्यालयों को धनराशि पहले ही आवंटित कर चुका है। प्रतियोगिताओं जुलाई के अंतिम सप्ताह से नवंबर तक होंगी।

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रतिवर्ष प्रतियोगिताओं कराई जाती है। प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रूचि पैदा करना और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। खेल प्रतियोगिताओं के तहत 17 प्रकार के खेलों को शामिल किया जाता है। इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद ने कलैंडर जारी कर दिया है।

खेल प्रतियोगिताओं कैलेंडर के अनुसार कराए जाने को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बेसिक शिक्षाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इन प्रतियोगिताओं के लिए परिषदीय विद्यालयों को 10-10 हजार रूपये की धनराशि पहले ही भेजी जा चुकी है।

> प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिता कराई जाती हैं। इसमें 17 तरह की ,खेल प्रतियोगिताएं होती हैं। इस वर्ष जारी हुए कलैंडर के अनुसार खेल कूद प्रतियोगिताएं जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेंगी। - **राजीव कुमार**, बीएसए

# तनावमुक्त जीवन के लिए करें ध्यान

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**




सत्संगियों को प्रवचन करते राम कृपालु महाराज। ● अमृत विचार

- सत्संग में रामकृपालु महाराज ने मानव कल्याण के लिए दिए प्रवचन

**अमृत विचार :** परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में सत्संग में साक्षी कृपाल के महाराज ने प्रवचन के माध्यम से मावन कल्याण एवं तनाव मुक्त स्वस्थ्य जीवन जीने पर चर्चा की। इसके लिए चलाए जा रहे विभिन्न कोर्स की जानकारी देते हुए नियमित रूप से क्रिया करने को कहा।

रामकृपालु महाराज ने कहा कि आर्थिक सुख समृद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करने के साथ साथ भीतर से तनाव मुक्त एवं आनंद मय जीवन जीने का स्वर्णिम सूत्र साइंस डिवाइन बेसिक कोर्स है। उन्होंने कहा कि भौतिक जगत में असीमित सफलता एवं मनचाही चीजों को प्राप्त करने की एक अत्यंत प्रभावशाली विधि माइंड पॉवर मेडिटेसन है। उन्होंने कहा कि संजीवनी क्रिया आधुनिक युग के मनुष्यों को स्वस्थ्य तन, स्वस्थ्य मन एवं आत्म बौद्ध प्राप्त करने वाली एक परम वैज्ञानिक विधि है। इससे स्मरण शक्ति एवं बुद्धिविता में कई गुना वृद्धि होती है।

डा. अखिलेश गौड़, उमांशकर भारद्वाज, नवनीत, मोनू गौतम, मुकेश शर्मा, चकरेश गौड़, अशोक गौड़, मोनू भारद्वाज, रमाशंकर भारद्वाज, मनोज शर्मा, मुन्नालाल मतवाला, सुरेश वार्ष्णेय, राहुल भारद्वाज, दुष्यंत चौहान, अरविंद भारद्वाज, रिंकू यादव, सोनू सोलंकी, प्रिया गौतम, हिमांशु शर्मा, अरविंद शर्मा, युग कुमार गौतम, निक्की, टीटू पचौरी, काजल, राजा, गायत्री, मनमोहन लाल, गौरव, गोविंदराम, मुकेश, लक्ष्मी देवी, प्रदीप गुप्ता, अवनीश चौहान, प्रशांत गुप्ता, सौरभ भारद्वाज मौजूद रहे।

## पांच के विरुद्ध की गई गैंगस्टर की कार्यवाही

**कासगंज, अमृत विचार :** जिले में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सक्रिय अपराधियों को गैंगस्टर में निरुद्ध किया गया है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में पटियाली पुलिस ने पांच सक्रिय अपराधियों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि शिव रतन निवासी गांव रतनपुर, दीपू, रामलखन निवासीगण गांव पावलढेरा कोतवाली गंजडुंडवारा, अर्जुन निवसी मुहल्ला खैरू कस्बा पटियाली शिवकुमार निवासी मुहल्ला वनखंडी कोतवाली गंजडुंडवारा के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। इनके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में वाहन चोरी, चोरी सहित अन्य अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**सेहत की नहीं चिंता** | मरीजों को जांच के लिए जिला अस्पताल की लगानी पड़ रही दौड़

# सोरों सीएचसी का हेल्थ एटीएम एक वर्ष से खराब

**संवाददाता, सोरोंजी**



सोरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खराब हेल्थ एटीएम। ● अमृत विचार

- हेल्थ एटीएम से हो जाती हैं 30 से अधिक जांचें

**अमृत विचार :** तीर्थनगरी सोरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा हेल्थ एटीएम लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा है। एटीएम खराब होने से स्थानीय रोगियों एवं तीमादारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह एटीएम 30 प्रकार की जांच करने में मददगार था। अब इन जांचों के लिए रोगियों को जिला अस्पताल दौड़ लगानी पड़ती है। जिम्मेदार बेखबर है। लोग परेशान हैं।

लगभग दो वर्ष ही तीर्थ नगरी सोरों के स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ एटीएम की स्थापित किया गया था। तत्कालीन डीएम हर्षिता माथुर ने उद्घाटन किया था। स्थानीय लोगों में खुशी थी कि अब हमें विभिन्न प्रकार की जांचों के लिए निजी लैबों और जिला अस्पताल पर निर्भर नहीं रहना होगा। उनकी जांचे कस्बे के ही स्वास्थ्य केंद्र पर होगी। लाखों रुपए कीमत का यह हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण धूल फांक रहा है। 2022 में सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने इसे अपनी निधि से सोरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दिया था। उस समय लखनऊ से टैक्निशियन ने आकर हेल्थ एटीएम को इंस्टॉल कर चालू कर दिया था। अब लगभग एक वर्ष से यह खराब पड़ा है किसी टेक्नीशियन की भी इसे चलाने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती नहीं की गई है। जिससे रक्त में प्लेटलेट्स, हिमोग्लोबिन, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, डेंगू आदि जटिल जांचें कराने के लिए मरीजों को जिला अस्पताल जाना पड़ता है। इस एटीएम की सहायता से रक्त में 30 से अधिक जांचें काफी कम समय में की जा सकती हैं।

> एटीएम में खराबी के बारे में अधिकारियों को ई-मेल कर जानकारी दे दी गई है। टेक्नीशियन ही आकर इस मशीन की खराबी को दुरुस्त करेंगे। - **डा. मदन कुमार**, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी सोरों

## मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

जलेसर, अमृत विचारः जलेसर के ग्राम अकबरपुर हबेली निवासी अमन का आरोप है कि गांव के नीरज समेत तीन लोगों द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट की गाली गलौज की गई।

बागवाला के गांव कासोंन निवासी मुनेश का आरोप है कि गांव के निवासी विनोद समेत चार लोगों ने घर में घुसकर पीडित व उसके भाई पत्नी के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। भूसा की बुर्जी तोड़ दी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

इधर कोतवाली देहात के गांव कुसाडी निवासी ओमपाल पुत्र तुलाराम सिंह का आरोप है कि गांव के दशरथ पुत्र गेंदालाल समेत दो लोगों ने पीड़ित की पत्नी से गाली गलौज् कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं अलीगंज के लुहारी दरवाजा निवासी मिट्टू पुत्र संतोष ने यहीं के निवासी अजय समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए मारपीटकर गाली गलौज का आरोप लगाया है। मलावन के मोहम्मदपुर निवासी लटूरी सिंह ने गांव के निवासी संदीप पुत्र दिनेश चन्द्र समेत चार लोगों ने मारपीट कर धमकी दी है।

# तल्ख हो रहे सूरज के तेवर, पारा 39 डिग्री

## सुबह से ही शुरू हो जाती है तन झुलसाने वाली गर्मी, छूटने लगता है पसीना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सूर्य के तेवर लगातार तल्ख होते जा रहा हैं। सुबह से ही तेज धूप निकल रही है। इससे जरूरी काम से घर से बाहर निकलने वाले लोग भी परेशान हो रहे हैं। अधिकांश लोग घरों में कैद रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। पारा रविवार को 39 डिग्री तक जा पहुंच गया।

मौसम में तेजी बदलाव आ गया। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोग घरों में तो एसी, कूलर के सहारे गर्मी से निजात पा रहे हैं। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह से ही सूर्य के तेवर तल्ख हो जाते हैं। दोपहर को अब तन झुलसाने वाली गर्मी पड़ने लगी है। धूप की तपिश लोगों को अकुला रही है। लोग सड़कों पर निकलने से गुरेज कर रहे हैं। जरूरतमंद ही सुबह शाम सड़कों पर निकल रहे हैं। मौसम के बदलते तेवर स्वास्थ्य के लिए भी प्रतिकूल हैं। क्योंकि मौसम का बदलाव लोगों को बीमारियां दे सकता है। चिकित्सकों की सलाह है कि वे गर्मी के मौसम में ऐहतियात बरतें।



शहर का व्यस्ततम नदरई गेट बाजार जो सूरज की तपन से सूना है। ● अमृत विचार

### सूरज की तपन से दोपहर को सूने हो रहे बाजार

रविवार को सुबह से ही सूरज के तेवर तल्ख थे। दोपहर 12 बजे के बाद आसमान से आग बरसने लगी। गर्मी के चलते लोग बाजारों से घरों की ओर कूच कर गए। एक बजे के बाद बाजारों में सन्नाटा पसर गया। दुकानदार हाथों पर हाथ रखे ग्राहकों का इंतजार करते दिखाई दिए। जब शाम पांच बजे के बाद सूरज के तेवर कुछ नरम पड़े तब फिर से बाजारों में चहल पहल हुई और देर रात तक बाजार गुलजार रहे।

### चिकित्सक बोले, सावधानी जरूरी

डा. अनुपम सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में विशेषकर हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। इसके अलावा खान पान पर भी निर्भर करता है। लोग गर्मी के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें। धूप से बचाव रखें। बासी भोजन न खाएं। सेहत के प्रति सावधान रहें। यदि कहीं कोई समस्या दिखाई दे तो तत्काल चिकित्सक की सलाह लें। खानपान का विशेष ध्यान रखें।



गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेय का सेवन करते लोग।

## अफसरों ने सुरक्षित एलपीजी उपयोग के लिए किया जागरूक

एटा, अमृत विचारः इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के द्वारा एलपीजी ग्राहकों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जोकि सितंबर माह तक चलेगा। इस अभियान के तहत इंडियन ग्राहकों के घर जाकर निशुल्क सुरक्षा जांच की जा रही है।

कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख हेमंत राठौड़ ने ग्राहकों के घर स्वयं जाकर सुरक्षित एलपीजी उपयोग के लिए जागरूक किया। बताया कि गैस चूल्हा एलपीजी सिलेंडर से कम से कम 6 इंच ऊंचाई पर रखना है। एलपीजी सुरक्षा होज को 5 वर्ष के अंतराल पर अपने एलपीजी वितरक से उचित मापदंड वाले सुरक्षित इंडेन सुरक्षा होज को बदलवाना है । सिलेंडर के आसपास कोई भी ज्वलनशील पदार्थ न रखें। एलपीजी से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति में 1906 पर कॉल करें। महाप्रबंधक राजेंद्रन, बरेली मंडल के एलपीजी विक्रय प्रमुख मोहिंदर कुमार जी एवं अन्य अधिकारी एलपीजी टीम के साथ मौजूद रहे।

## 94 चार पहिया और दो पहिया वाहनों के काटे चालान



बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवक को चेतावनी देते टीएसआई लक्ष्मण सिंह।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● यातायात पुलिस ने जिले भर में चलाया चेकिंग अभियान

**अमृत विचार :** रविवार को यातायात पुलिस ने जिले भर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 94 चार पहिया और दो पहिया वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।

टीएसआई लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में जिले में यातायात पुलिस ने शहर के अमांपुर, रोड, मालगोदाम चौराहा, मिशन चौराहा, नदरई तिराहा, बस स्टैंड, अमांपुर चौराहा, कासगंज-सोरों मार्ग, बाइपास पर पुलिस ने संघन चेकिंग अभियान चलाया।

बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडर्स के अलावा बुलेट की साइलेंसर मोडिफाई कर वाहन चला रहे चालकों के चालान काटे गए। टीएसआई ने बताया कि 94 चार पहिया और दो पहिया वाहनों के चालान काटे गए हैं।

## तार बदलने के लिए सुबह से काटी जा रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली से गर्मी में आम जनता परेशान

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा इन दिनों शहर में नई विद्युत लाइनें बिछायी जा रही हैं। प्रतिदिन किसी न किसी फीडर से लाइन बिछाये जाने को लेकर विद्युत आपूर्ति बाधित की जा रही है। विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने से आपूर्ति वाले क्षेत्रों में लोग गर्मी से व्याकुल हो उठते हैं। बस्तियों में पेयजल का संकट भी पैदा हो जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश नजर आता है।

रविवार को तहसील रोड, मुहल्ला नबाव, गप्पू चौराहा, जामा मस्जिद, बिलराम गेट इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत तार डालने के लिए विभाग ने सुबह सात बजे ही शटडाउन ले लिया। दोपहर को जैसे ही सूरज चढ़ा और गर्मी चरम पर पहुंची तो गर्मी से लोग तिलमिला गए और व्हाट्सएप ग्रुपों पर विद्युत विभाग के प्रति अपना आक्रोश जताने लगे।

> केबल बदलने जाने का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। गर्मी अधिक है लोगों को परेशानी होती है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा इसके लिए बेहतर प्लान करें। जिससे लोगों को परेशानी न हो।
> – **मनोज कुमार**, अधीक्षण अभियंता

## शिशु भारती का शपथ ग्रहण समारोह

जलेसर, अमृत विचारः सरस्वती शिशु मंदिर जलेसर में शिशु भारती के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्व की शपथ दिलाई।

कोतवाली प्रभारी आरके सिंह पदाधिकारी को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। प्रदीप कुमार शर्मा ने शिशु भारती के संबंध में जानकारी दी। प्रधानाचार्य राजेंद्र पाल सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया वही कोषाध्यक्ष डॉक्टर यतेंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष अन्य उपाध्यक्ष वैष्णवी, मंत्री इशिका उप मंत्री अनमोल कुमार सेनापति लक्ष्य कुमार उप सेनापति संध्या कुमारी नेशपथ ली। नगर कार्यवाहक अटल बिहारी वार्ष्णेय, सत्य प्रकाश अग्रवाल जेपी सिंह, भारत गुप्ता मौजूद थे।

## बंबा किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता,एटा

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक युवक का शव बंबा किनारे पड़ा मिला। पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली देहात के गांव नगला पवल निवासी डोरीलाल (25) पुत्र रामसिंह शनिवार की सायं 4 बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बहुअट में रिश्तेदार के बच्चे के जन्म दिन की दावत खाने गया था। पत्नी को भी बाइक पर साथ ले गया था। रविवार को सुबह बहुअट गांव स्थित बंबा किनारे डोरीलाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन पहुँच गए। पिता रामसिंह ने कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव उलायतपुर निवासी एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। रामसिंह ने बताया कि आरोपी और उसका पुत्र डोरीलाल दिल्ली में एक ही मकान में किराए पर रहते थे। चार माह पूर्व डोरीलाल और आरोपित के बीच झगड़ा हुआ था। उस समय आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस का कहना है कि घटना की तहरीर पर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।



मृतक डोरीलाल

## गर्मी कर रही बेहाल, लू बढ़ा रही मुसीबत

संवाददाता,एटा

**अमृत विचारः** गर्मी की दस्तक के साथ लू के थपेडे भी शुरू हो गए हैं। सुबह सें ही तेज हवा के साथ लू के थपेडों से आम जनमानस परेशान दिखा। तेज हवा में धूल उड़ने से दोपहिया वाहन चालकों परेशानियों का सामना करना पडा।

बढती गर्मी ने पिछले दो दिन से लोगों को परेशान किए हुए है तापमान भी बढ गया है गरमी के साथ चलती तेज हवा अब लू का रूप धारण कर चुकी है। यह लू आम आदमी के लिए बीमारी का सबब बनती जा रही है। दोपहर के समय हालात यह हो जाते हैं कि तेज हवा के कारण सडक पर सन्नाटा छाने लगता है। लू से बचाव को अब लोग अंगोछा और युवतियों अपने शरीर को पूरी तरह ढकने के उपाय शुरू कर दिए हैं।

तेज हवा से सबसे अधिक परेशानी का सामना दुपहिया वाहन चालकों को करना पडता हैं। तेज हवा के चलने के साथ दुपहिया वाहन चालकों के लिए दिक्कतें पेश कर रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और लू ने भी दस्तक दे दी है, इसलिए लोगों को लू से बचाव करना चाहिए और सलाद में प्याज की मात्रा बढा देनी चाहिए।



लू के कारण चेहरे पर दुपट्टा लपेटकर गुजरतीं युवतियां। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## आपसी सामंजस्य से करायें चुनावः डीएम

संवाददाता,एटा

● फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत अलीगंज विधानसभा में मतदान आज

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के कुशल निर्देशन में फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान हेतु पोलिंग पार्टियां रविवार को मण्डी समिति से रवाना हुईं।

डीएम ने इस दौरान पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए कि आपसी सामंजस्य कायम रखते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी। किसी भी बूथ से शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो, यदि कोई समस्या आए तो तत्काल अपने सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। पोलिंग पार्टियों सहित बूथ की सुरक्षा हेतु बेहतर इंतजाम किए गए हैं। फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 103 अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में 13 मई को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। डीएम ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों का दायित्व अहम है, मतदान की गति को तेज बनाये रखा जाए, मतदान केन्द्र के आसपास भीड़ भाड़ न लगने दें। मतदान केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में कोई भी बैनर, पोस्टर, झण्डा, पम्पलेट, स्टीकर आदि नहीं लगने दिया जाए। शाम 6 बजे तक जो मतदाता लाइन में लग जायेंगे, उन सभी का मतदान कराना हैं, साथ ही प्रत्येक दो घण्टे बाद मतदान का प्रतिशत बताना हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान पार्टियां, जिस वाहन से गई हैं, उसी वाहन से वापस आकर मण्डी समिति पर बने काउंटरों पर ईवीएम, मतदान सामग्री, स्टेशनरी आदि जमा करेंगी। मतदान कार्मिकों द्वारा सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए।

सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर लगातार भ्रमण किया जाए, मतदाताओं से वार्ता भी की जाए कि केन्द्र पर मतदान करने में उन्हें कोई समस्या तो नहीं आ रही है।

### आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

एटा। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि 13 मई को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। अलीगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित जिले के कोषागार एवं उप कोषागार 13 मई को बंद रहेंगे।

## गांव पलोदी में बौद्ध कथा आरंभ, 19 तक आयोजन



फीता काटकर बौद्धकथा का आरंभ करते पूर्व विधायक रणजीत सुमन।

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** जलेसर-हाथरस जंक्शन मार्ग पर स्थित गांव पलोदी में विशाल बौद्ध कथा का आरंभ पूर्व विधायक रणजीत सुमन ने फीता काटकर किया। बौद्ध कथा का आयोजन 12 में से 19 में तक होगा।

पूर्व विधायक सुमन ने कहा कि बौद्ध कथा सुनने से संकट कम होते हैं वही बुद्धि भी शुद्ध होती है। भगवान बुद्ध ने सभी वर्गों को एकजुट रहने का संदेश दिया था जिसमें ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है।

सभी एक समान हैं। हम सभी को भगवान बुद्ध के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। आयोजक प्रदीप कुमार जाटव ने आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिनेश कुमार, सतवीर सिंह, गौरव कुमार, बच्चू सिंह सहित सैकड़ो बौद्ध अनुयाई मौजूद थे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
द्वारा आयोजित
निःशुल्क भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से, PNS का चिकित्सा शिविर
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक -13-5-2024 दिन सोमवार, समय प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
शिविर में आये हुये मरीजों की निःशुल्क शुगर की जाँच
निःशुल्क परामर्श


- धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर


शिविर का स्थान
डा. रजनीश गंगवार का क्लीनिक
सम्राट अशोक नगर, गली नम्बर तीन के सामने, निकट डोहरा चौराहा (बरेली) मो नं 9457664462
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
नियमित सेवायें : क्षारसूत्र चिकित्सा की क्षारसूत्र विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा कमरा नं० 10

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## मां से आशीर्वाद पा आह्लादित हुए बच्चे



मदर्स-डे पर मां के साथ केक काटते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

मातृ दिवस

● मिठाई और आइसक्रीम खिला मां के प्रति प्रकट की कृतज्ञता

**अमृत विचारः** मां तो मां है। वह हर दुख दर्द सहती है और संतान को सदैव खुश रखती है। रविवार को मातृ दिवस पर बच्चों ने मां के प्रति आदर प्रकट किया। आइसक्रीम तो किसी ने मिठाई खिलाकर मां को सम्मान दिया। जब मां ने आशीर्वाद दिया तो संतान के चेहरे खिल उठे।

रविवार को मातृ दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया। शाम को विभिन्न बाजारों व प्रतिष्ठानों पर मातृ दिवस को लेकर भीड़ रही। बच्चे मां सहित परिवार के साथ सैर सपाटे पर निकले। बाजार में खरीदारी की और खान पान कर मस्ती की। बाजारों में उपहार, ज्वेलर्स, क्लॉथ हाउस इत्यादि की दुकानों पर भीड़ रही। उपहार विक्रेता दुकानदार अजय अग्रवाल, विष्णु गोयल, कन्हैया महेश्वरी, आकाश गुप्ता ने बताया कि मातृ दिवस को लेकर तमाम तरह के उपहार की बाजार में खूब मांग रही।



मां को मिठाई खिलाती बेटी।

### सोशल मीडिया पर भी मां को मिला सम्मान

सुबह से ही सोशल मीडिया पर भी मां को सम्मान मिलता रहा। हर कोई अपनी मां को प्यार देने के साथ ही सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा कर रहा था। सोशल मीडिया पर मां का यह प्यार देख हर किसी को खुशी के आंसू छलक रहे थे।

